>

Title: Need to provide financial assistance to rural areas under Swarn Jayanti Gram Swarozgar Scheme for the empowerment and economic prograss of women.

MR. SPEAKER: Let me see who all are cooperative with me. Shri Hansraj Ahir, one subject please.

श्री हंसराज गं. अहीर (चन्द्रपुर) : माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करना चाहता हूं कि महिला सैल्फ हैल्प ग्रुप के लिए महाराष्ट्र सरकार ने 4 प्रतिशत ब्याज दर पर उद्योग-धंधे चलाने के लिए ऋण उपलब्ध कराया है। इसी आधार पर मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि देशभर में जहां-जहां भी महिला सैल्फ हैल्प ग्रुप काम कर रहे हैं, उन्हें 4 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ-ही-साथ मैं केन्द्र सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि वह प्रदेश सरकारों को निर्देश दे, ताकि महिला सैल्फ हैल्प ग्रुप द्वारा जिन चीजों का उत्पादन किया जाता है, उनके विपणन हेतु, सभी गांव और शहरों में एक-एक शॉपिंग सैंटर निर्माण करने हेतु राज्य सरकारों द्वारा डायरैक्ट सहायता दी जाए।

MR. SPEAKER: We should follow Mr. Ahir's example. I hope in the next House you will have the same record. I wish you all the best.